# कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक,

## उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

**विषय: रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की दिनांक 02 दिसम्बर, 2016 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

********

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक 02.12.2016 को श्री पुष्कल उपाध्याय, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री अरविन्द कुमार वानी, भा.र.ले.से.,<br>रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक (ईडीपी) | सदस्य |
| 2. | श्री सुन्दर विश्वनाथन, भा.र.ले.से.,<br>रक्षा लेखा सहायक महानियंत्रक(ले.प.) | सदस्य |
| 3. | श्री आर. रंगनाथन, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.) | सदस्य |
| 4. | श्री राम कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (आई.एफ.ए) | सदस्य |
| 5. | श्री राजू प्रसाद, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (ईडीपी) | सदस्य |
| 6. | संतोष कुमार सिंह, सहायक लेखा अधिकारी | आमंत्रित सदस्य |
| 7. | जे.एस.खोकर, सहायक लेखा अधिकारी | आमंत्रित सदस्य |
| 8. | धर्मेश कुमार शुक्ला, सहायक लेखा अधिकारी | आमंत्रित सदस्य |
| 9. | सुनील शर्मा, वरिष्ठ लेखापरीक्षक | आमंत्रित सदस्य |
| 10. | रमेश चन्द्र मलिक, वरिष्ठ लेखापरीक्षक | आमंत्रित सदस्य |
| 11. | योगेश कुमार, लेखापरीक्षक | आमंत्रित सदस्य |
| 12. | रमेश चन्द्र, लिपिक | आमंत्रित सदस्य |
| 13. | हरि किशोर वर्मा, लिपिक | आमंत्रित सदस्य |
| 14. | श्री श्रीनिवास शर्मा, सहायक निदेशक (रा.भा.) | सदस्य सचिव |

अन्य उपस्थिति :

1. श्रीमती काकोली दत्ता, वरिष्ठ अनुवादक
2. श्री पंकज दलाल, कनिष्ठ अनुवादक
3. श्री रवि कुमार, कनिष्ठ अनुवादक
4. श्री संदीप बोस, कनिष्ठ अनुवादक

इस बैठक में विशेष रूप से उन अधिकारी/ कर्मचारियों को आमंत्रित किया गया था जिन्होंने कार्यालय में मात्रा और गुणवत्ता की दृष्टि से हिन्दी में उल्लेखनीय कार्य किया। ऐसे नौ अधिकारियों/कर्मचारियों को बैठक के दौरान नकद प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित भी किया गया।

अध्यक्ष महोदय ने प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पुरस्कृत सदस्यों से आग्रह किया कि वे भविष्य में भी इस गति को बरकरार रखें एवं अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनें।

बैठक में निम्नलिखित अन्य मदों पर विचार-विमर्श किया गया :-

**मद सं.:1** **<u>दिनांक 31मार्च, 2016 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि:</u>**

समिति को सूचित किया गया कि पिछली बैठक के कार्यवृत्त दिनांक 01 जुलाई, 2016 के पत्र सं. 55018/5/81/हि.क./रा.भा.का.स./मु.का./26 के अंतर्गत सभी संबंधितों की जानकारी एवं यथा अपेक्षित कार्रवाई हेतु रक्षा लेखा महानियंत्रक की वैबसाइट पर अपलोड कर दिए गए थे । किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त नहीं हुए, अत: समिति द्वारा सर्व सम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि कर दी गई।

**मद सं.: 2 पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई :**

i) <u>रिपोर्ट-रिटर्न संबंधी प्रपत्र अथवा उनके अग्रेषण पत्र, दावों एवं परिपत्रों/आदेशों के अग्रेषण पत्र हिंदी में जारी करना, रजिस्टरों और सेवा-पुस्तिकाओं में हिंदी में प्रविष्टियां तथा हिंदी में पत्राचार में वृद्धि</u> :

समिति को सूचित किया गया कि पिछली बैठक में निर्देश दिया गया था कि संबंधित अनुभागों में जाकर नेमी प्रकृति के या अन्य ऐसे कार्य जो अंग्रेजी में किए जा रहे हैं, जिन्हें हिंदी/ द्विभाषी में किया जा सकता है, का पता लगाया जाए। तत्पश्चात उनका हिंदी अनुवाद अथवा उन्हें द्विभाषी रूप में उपलब्ध कराया जाए। रजिस्टरों और सेवा-पुस्तिकाओं में प्रविष्टियां हिंदी में की जाएं।

इस संबंध में नेमी प्रकृति के या अन्य ऐसे कार्य जो अंग्रेजी में किए जा रहे हैं, जिन्हें हिंदी/ द्विभाषी में किया जा सकता है, का हिंदी अनुवाद अथवा उन्हें द्विभाषी रूप में उपलब्ध कराया जा रहा है। समिति ने सुझाव दिया कि मुख्यालय में हिंदी कार्य की मात्रा को बढ़ाने के लिए भविष्य में हिंदी प्रारूपों का अधिक प्रयोग किया जाए। रजिस्टरों और सेवा-पुस्तिकाओं में प्रविष्टियां हिंदी में की जाएं।

**(कार्रवाई : हिंदी कक्ष/सभी अनुभाग(स्थानीय))**

**मद सं: 3 मार्च, 2016 तथा जून, 2016 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा :**

सदस्य सचिव ने समिति के मार्च, 2016 तथा जून, 2016 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट के आंकड़ें प्रस्तुत किए तथा सूचित किया कि हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा करने पर पाया गया कि निम्नलिखित दो कार्यालयों के हिन्दी पत्राचार में पिछली तिमाही के मुकाबले गिरावट दर्ज की गई है।

| संगठन का का नाम | भेजे गए हिंदी पत्रों की प्रतिशतता | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | क क्षेत्र | | ख क्षेत्र | | ग क्षेत्र | |
| | 03/16 | 06/16 | 03/16 | 09/16 | 03/16 | 09/16 |
| रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक नई दिल्ली | | | 90.01% | 88% | | |
| रक्षा लेखा नियंत्रक,(म.क.), लखनऊ | 89.25% | 87.7% | 87.48% | 84.35% | 72.14% | 68.5% |

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि इस संबंध में संबंधित कार्यालय को पत्र जारी कर दिया गया है। मुख्यालय कार्यालय में पिछले माह की तुलना में हिन्दी पत्राचार में प्रगति दर्ज की गई है परन्तु कई अनुभाग निर्धारित लक्ष्य से अभी पीछे हैं। संसदीय समिति इस बात को काफी गंभीरता से लेती है।अतः निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पुनः आदेश दिए गए कि सभी प्रभारी अधिकारी व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित करें कि हिंदी में अधिकाधिक कार्य हों।

**(कार्रवाई: सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि कार्यालय एवं मुख्यालय कार्यालय के सभी अनुभाग/हिंदी कक्ष)**

**मद सं.:4 हिंदी प्रशिक्षण की स्थिति :**

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि मुख्यालय कार्यालय में 24 आशुलिपिक तथा 13 लिपिक(सीधी भर्ती द्वारा) तैनात हैं जिनमें से 23 आशुलिपिकों तथा 10 लिपिकों को क्रमशः हिंदी आशुलिपि तथा हिंदी टंकण का ज्ञान प्राप्त है। शेष 01 आशुलिपिक को आगामी सत्र मे 'हिंदी आशुलिपि' हेतु नामित किया जाएगा एवं शेष लिपिकों को केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान के अंतर्गत पत्राचार माध्यम से 'हिंदी टाइपिंग' प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

सदस्य सचिव ने सुझाव दिया कि हिंदी आशुलिपि का निरंतर अभ्यास न करने पर हिंदी आशुलिपिक हिंदी आशुलिपि के ज्ञान को भूलने लगे हैं अतः उन्हें क्रमवृत्ति निधि (Rotation Method) से दो-दो महीने के लिए वर्ष में दो-दो बार हिंदी कक्ष के साथ संबद्ध किया जाए ताकि उनका हिंदी आशुलिपि का अभ्यास और गति बनी रहे।

**(कार्रवाई : हिंदी कक्ष/प्रशा-4 अनुभाग)**

**मद संख्या: 5 रक्षा लेखा विभाग में हिंदी पदों की स्थिति :**

संवर्ग समीक्षा के उपरांत हिंदी संवर्गीय प्राधिकृत पदों की स्थिति निम्न प्रकार है :

| | स्वीकृत पद | भरे गए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| **सहायक निदेशक(राजभाषा)** | 37 | 13 | 24 |
| **वरिष्ठ अनुवादक** | 35 | 35 | - |
| **कनिष्ठ अनुवादक** | 70 | 56 | 14 |

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि

i) तदर्थ (Adhoc)हिंदी अधिकारियों के वरिष्ठ हिंदी अनुवादक पद पर प्रत्यावर्तन(Reversion) के उपरांत सहायक निदेशक(राजभाषा) के 24 पद रिक्त हैं।

इस परिप्रेक्ष्य में समिति ने संसदीय समिति का हवाला देते हुए प्रशासन अनुभाग के प्रतिनिधि को सहायक निदेशक(रा.भा.) के भर्ती नियम को अंतिम रूप देने हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निदेश दिए ताकि सहायक निदेशक(रा.भा.) के रिक्त पद भरे जा सकें। अध्यक्ष महोदय ने प्रशासन अनुभाग के प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिया कि इसके लिए समयबद्ध योजना बनाएं और कार्य को शीघ्र अंतिम रूप दें।

**(कार्रवाई : प्रशा-2/प्रशा-8(स्थानीय))**

ii) सदस्य सचिव ने सूचित किया कि हिंदी कक्ष में नेमी प्रकृति के कार्य के अतिरिक्त मंत्रालय एवं कार्यालय के विभिन्न अनुभागों से विशिष्ट प्रकार की सामग्री यथा विनियोजन लेखा/अनुवर्ती कार्रवाई रिपोर्ट/प्रपत्र/परिपत्र/कार्यवृत्त आदि अनुवाद हेतु अत्याधिक संख्या में आते रहते हैं। लेकिन हिंदी कक्ष में तैनात एक लिपिक का अन्य अनुभाग में स्थानांतरण होने एवं एक वरिष्ठ लेखापरीक्षक के सेवानिवृत्त होने के बाद अब केवल 04 अनुवादक ही रह गए हैं जिन्हें इन नेमी प्रकृति के कामों में लगाने से अनुवाद कार्य बाधित हो रहा है।

अध्यक्ष महोदय ने प्रशासन अनुभाग से इस संबंध में शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया।

**(कार्रवाई: प्रशा.-4/प्रशा.-8, अनुभाग, (स्थानीय))**

**मद संख्या:6 रक्षा लेखा विभाग में राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयों का निरीक्षण :**

वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित 25 % लक्ष्य (कुल 08 कार्यालय) की प्राप्ति हेतु रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, नई दिल्ली, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(अनु. एवं वि.), हैदराबाद, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (वा.से.), देहरादून तथा रक्षा लेखा नियंत्रक, सिकंदराबाद का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया जा चुका है।

**(कार्रवाई: हिंदी कक्ष एवं संबंधित रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक)**

**मद संख्या:7 संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण :**

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा इस वित्तीय वर्ष निम्नलिखित कार्यालयों का निरीक्षण उनके समक्ष दर्शाई गई तारीखों को किया गया :

| क्र.सं. | कार्यालय का नाम | निरीक्षण की तारीख | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | लेखा कार्यालय, आयुध निर्माणी, मुरादनगर | 06.06.2016 | संबंधित कार्यालय से प्राप्त अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा के उपरांत सचिवालय भेजने हेतु मंत्रालय को प्रेषित कर दी गई है। |
| 2. | रक्षा पेंशन संवितरण कार्यालय, शिमला | 08.06.2016 | |
| 3. | स्थानीय लेखापरीक्षा (सेना), शिमला | 09.06.2016 | निरीक्षण के दौरान उक्त कार्यालयों के कार्यालय प्रमुखों द्वारा दिए गए आश्वासनों की सूची प्राप्त हो गई हैं। संबंधित कार्यालयों को अनुवर्ती कार्रवाई हेतु आश्वासन भेज दिए गए हैं। उनसे अनुवर्ती कार्रवाई की सूचना प्राप्त होने पर इसे समीक्षा के उपरांत समिति सचिवालय को भेजने हेतु मंत्रालय को भेज दिया जाएगा। |
| 4. | लेखा कार्यालय, सहायक दुर्ग अभियंता, मनाली | 15.06.2016 | |
| 5. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, 'जी' ब्लॉक, नई दिल्ली | 17.06.2016 | |
| 6. | वेतन लेखा कार्यालय(अ.श्रे.) जी.आर.सी., लैंसडाउन | 22.10.2016 | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा उक्त कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुख द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। |

**(कार्रवाई: हिंदी कक्ष एवं संबंधित रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक)**

**(श्रीनिवास शर्मा)**

**सहायक निदेशक (राजभाषा) सह सदस्य सचिव**